16062023-Gur-08_27DT02A.qxd 6/15/2023 10:48 PM Page 1



बावल में पाइपलाइन लीक से मोहल्लों में फैला दुर्गंधयुक्त पानी

# ट्रीटमेंट प्लांट को ताला लगाने की दी चेतावनी

रेवाड़ी, 15 जून (हप्र)

■ पालिका चेयरमैन के साथ पहुंचे पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी स्थित बावल में बृहस्पतिवार को जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में ज्ञापन सौंपने पहुंचे नपा चेयरमैन और पार्षद। -हप्र

बावल में डिस्पोजल टैंक लीक होने से सड़कों और आसपास के मोहल्लों में बदबूदार पानी फैल गया है, जिससे आसपास के लोग बेहद परेशान हैं। इस समस्या का समाधान करने और अपना रोष जाहिर करने के लिए बृहस्पतिवार को पार्षद पालिका चेयरमैन विरेंद्र महलावत के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि 7 दिनों के भीतर लीकेज को बंद नहीं किया गया तो ट्रीटमेंट प्लाट को ताला जड़ दिया जाएगा और धरना शुरू कर दिया जाएगा।

बावल नगर पालिका के चेयरमैन विरेंद्र महलावत ने कहा कि वार्ड-13 अनाज मंडी के पास जनस्वास्थ्य विभाग ने डिस्पोजल टैंक बनाया हुआ है और इसकी पाइपलाइन रेवाड़ी रोड से बावल के अनेक मोहल्लों से गुजरती हुई परसापुर रोड पर बने ट्रीटमेंट प्लांट में मिलती है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन कई जगह से लीक होने के कारण इसका गंदा पानी सड़कों व मोहल्लों में जमा हो जाता है और कई दिनों तक खड़ा रहता है। जिससे भयंकर बदबू आती है और बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। पिछले दो सालों में यह पाइपलाइन कई जगह से टूट गई है।

उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत मंत्री से लेकर संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से की जा रही है। लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि आज वे इसकी शिकायत लेकर पार्षदों के साथ विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंचे लेकिन यहां न तो कार्यकारी अभियंता मिले और न ही एसडीओ मौजूद है। उन्होंने जेई को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर पाइप लाइन को ठीक नहीं किया गया तो ट्रीटमेंट प्लांट को ताला लगा दिया जाएगा और जेसीबी से खोदकर आगे जा रहे पानी को रोक दिया जाएगा। तत्पश्चात वहीं पर धरना शुरू कर दिया जाएगा। यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक समस्या का समाधान नहीं निकलता।

## डिलीवरी ब्वाय की बाइक से 90 पैकेट चोरी

सोनीपत, 15 जून (हप्र)

सेक्टर-14 में कोठी में कोरियर देने गए डिलीवरी ब्वाय की बाइक से 90 पैकेट से भरे दो बैग चोरी हो गये। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में बाइक से दोनों बैग उतारकर एक युवक को पैदल जाता देखा।

शास्त्री कॉलोनी निवासी विजय ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने कार्यालय से कोरियर की डिलीवरी के पैकेट लेकर वितरित करने के लिए निकला था। वह सेक्टर-14 में एक घर में कोरियर देने चला गया। इस दौरान उनकी बाइक पर दो बैग रखे थे। वह कोरियर देकर वापस लौटा तो उनकी बाइक से दोनों बैग चोरी मिले। उन्होंने आसपास पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले तो एक युवक उनकी बाइक से दोनों बैग को उतारकर पैदल जाता दिखाई दिया। भीड़भाड़ के बीच से कुछ दूर तक पैदल ही जाता है। पुलिस उसका पता लगा रही है। पीड़ित ने बताया कि उनके दोनों बैग में 90 पैकेट थे। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा बोले

# प्रदेश में मजबूत संगठन खड़ा करेगी आम आदमी पार्टी



सोनीपत में बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में बुजुर्ग कार्यकर्ता का अभिवादन स्वीकार करते आप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा। -हप्र

सोनीपत, 15 जून (हप्र)

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि वर्ष-2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए उनकी पार्टी ने मजबूत संगठन खड़ा करने का ऐलान कर दिया है, जल्द ही ब्लॉक और गांव स्तर पर संगठन का भी ऐलान किया जाएगा। इतना ही नहीं महीनेभर में हर गांव में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता होंगे। आप नेता अनुराग ढांडा ने बृहस्पतिवार को सोनीपत स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी हरियाणा में एक मजबूत संगठन खड़ा कर रही है। इस क्रम में ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों के नामों की जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है और हम इसे मजबूत करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से घबराते हैं। गृह मंत्री अमित शाह की 18 जून की सिरसा रैली से पहले आम आदमी पार्टी के 15 कार्यकर्ताओं को पुलिस से नोटिस दिलवाकर खट्टर सरकार ने अपनी बौखलाहट दिखा दी है। उन्होंने कहा की जैसे भाजपा की गोहाना रैली फ्लॉप हुई थी, ऐसे ही सिरसा रैली भी फ्लॉप होगी। प्रदेश की जनता भाजपा को आगे किसी भी प्रकार का मौका देने के मूड में नहीं है। अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही है। जबकि कांग्रेस कहीं भी विपक्ष की भूमिका में नहीं है। उन्होंने सोनीपत के अलावा राई, खरखौदा में भी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अर्बन राजेश सरोहा, जिलाध्यक्ष रूरल महेंद्र छिक्कारा, सतीश राज देशवाल, सत्यनारायण आंतिल, जयभगवान आंतिल, सूरजभान, सरोज बाला राठी, जोगिंद्र सिंह, सुनील दहिया, विमल किशोर आदि भी मौजूद रहे।

अनीता मलिक ने सुनी शिकायतें

## तोशाम में जाट चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा

भिवानी, 15 जून (हप्र)

पुरानी जाट चौपाल के नजदीक बृहस्पतिवार को जनसंवाद कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन अनीता मलिक ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी और जाट चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए कोटे से 25 लाख रुपए देने की घोषणा की।

लोगों को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि हमारे बुजुर्गों द्वारा निर्मित प्राचीन इमारतें हमारी धरोहर हैं, इन्हें बचाना अथवा इनका रखरखाव करना हमारा परम कर्तव्य है। ऐसी प्राचीन धरोहरों से हमें तथा हमारी भावी पीढ़ी को काफी कुछ सीखने को मिलता है, अतः हमें ऐसी प्राचीन हवेलियों अथवा इमारतों की मरम्मत करवाकर उनका रखरखाव करना चाहिए। इस मौके पर उनके समक्ष स्थानीय लोगों ने बिजली, पानी आदि संबंधित अनेक तरह की समस्याएं रखी उनका भी उन्होंने उपस्थित लोगों को जल्द ही समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान लोगों ने हीरानंद ट्रस्ट के पैसे को पक्के जोहड़ के जीर्णोद्धार के लिए खर्च करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि हीरानंद ट्रस्ट का पैसा सैकड़ों सालों से यहीं लगता रहा है, अतः अब भी यह पैसा हीरानंद ट्रस्ट की जमीन पर ही लगना चाहिए। चेयरपर्सन अनीता मलिक ने 200 साल पुरानी हवेली का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्रशर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण मलिक, खाप प्रधान चिरंजीलाल पंघाल, चंद्र पंघाल, राजेश, तेलुराम, रविंद्र मास्टर, नत्थू शर्मा, प्रशांत सोनी, सुनील सोनी, बजरंग शर्मा, कुलदीप पंघाल, सुरेश पंघाल, सुरेश, मनोज, मुकेश चौहान, निशांत सोनी, कश्मीर सिंह, रामकिशन जांगड़ा, राकेश, जयकुमार, नरेश अत्री मौजूद थे।

## ऑटो चालक को पीटा, 2 भाइयों पर केस

फरीदाबाद, 15 जून (हप्र)

गुंडा टैक्स नहीं देने पर दो भाइयों ने मिलकर एक ऑटो चालक के सिर में ईंट मारकर उसे लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना सराय ख्वाजा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

अनंगपुर गांव निवासी नेतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बड़ा बेटा अरुण कुमार ऑटो चलाता है। 10 जून की रात करीब नौ बजे अनंगपुर गांव निवासी दो भाईयों सन्नी व टीटू ने अरुण से कहा ऑटो चलाना है तो पैसे देने होंगे। मना करने पर आरोपियों ने अरुण को जाति सूचक शब्द कहकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने रोड से ईंट उठाकर अरुण के सिर पर मार दी। इससे अरुण के सिर में गहरी चोट लगी और वह अचेत होकर वहीं गिर गया। गंभीर हालत में अरुण को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नेतराम का कहना है आरोपियों ने कई बार अरुण से गुंडा टैक्स की मांग की थी लेकिन वह हर बार पैसा देने से साफ मना कर देता था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फाइनेंस कंपनी कर्मी से लूट में 2 गिरफ्तार

रेवाड़ी, 15 जून (हप्र)

पिछले साल जनवरी में एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से सवा लाख रुपये लूटने के दो आरोपियों अलवर के गांव बासनी के अंकित व केशव को बावल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आगरा के पवन कुमार फाइनेंस कम्पनी में काम करता है। वह पिछले साल जनवरी में सवा लाख रुपये एकत्रित कर गांव किशनपुर से शेखपुर की ओर जा रहा था। तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उसका रुपयों का बैग छीन लिया और फरार हो गए।


### सार्वजनिक सूचना

**विषय :** सह-अलाटी/सह-मालिक स्व. श्री आनंद कपूर पुत्र श्री हेम राज कपूर की मृत्यु होने पर 50% अविभाज्य हिस्से के सम्बंध में प्रापर्टी नं. 660/टीएफ, सेक्टर-17, फरीदाबाद, हरियाणा के स्वामित्व की ट्रांसफर।

स्व. श्री आनंद कपूर पुत्र श्री हेम राज कपूर, जो कि रिकार्ड के अनुसार उक्त प्रापर्टी के 50% अविभाज्य हिस्से के विस्तार तक सह-अलाटी/मालिक थे, की 17.03.2023 को मृत्यु हो चुकी है तथा पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड़ गए हैं :-

1. अनीता कपूर
2. कुबेर कपूर
3. रतन कुमार कपूर
4. राशि कपूर

अनीता कपूर पत्नी स्व. श्री आनंद कपूर निवासी 30, एनआरआई कम्प्लेक्स, ग्रेटर कैलाश-IV, साउथ दिल्ली, नई दिल्ली-110019 ने कानूनी वारिस होने के नाते अपने पक्ष में उक्त प्रापर्टी में स्व. श्री आनंद कपूर पुत्र श्री हेम राज कपूर के हिस्से ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है तथा अपने नाम पर पुनः अलाटमेंट हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त प्लाट/मकान के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, फरीदाबाद के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति एचएसवीपी नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**कानूनी वारिस :**
**(i) अनीता कपूर (ii) कुबेर कपूर**
**(iii) रतन कुमार कपूर**
**(iv) राशि कपूर।**
**संपदा अधिकारी एचएसवीपी फरीदाबाद की ओर से।**

DI-7088-2

### सार्वजनिक सूचना

**विषय :** सह-अलाटी/सह-मालिक श्री रूप लाल मेहरा पुत्र प्यारे लाल मेहरा की मृत्यु होने पर 50% अविभाज्य हिस्से के संबंध में प्रापर्टी नं. 1162, सेक्टर-46, फरीदाबाद, हरियाणा के स्वामित्व की ट्रांसफर।

श्री रूप लाल मेहरा पुत्र प्यारे लाल मेहरा, जो कि रिकार्ड के अनुसार उक्त प्रापर्टी के 50% अविभाज्य हिस्से के विस्तार तक सह-अलाटी/मालिक थे, की 21.12.2022 को मृत्यु हो चुकी है तथा पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड़ गए हैं :-

(i) सरिता मेहरा
(ii) सुबोध मेहरा
(iii) प्रबोध मेहरा

सुबोध मेहरा पुत्र स्व. श्री रूप लाल मेहरा निवासी मकान नं. जे-17, जंगपुरा एक्स., साउथ दिल्ली, दिल्ली-110014 ने कानूनी वारिस होने के नाते अपने पक्ष में उक्त प्रापर्टी में श्री रूप लाल मेहरा पुत्र प्यारे लाल मेहरा के हिस्से ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है तथा अपने नाम पर पुनः अलाटमेंट हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त प्लाट/मकान के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, फरीदाबाद के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति एचएसवीपी नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**कानूनी वारिस :**
**(i) सरिता मेहरा (ii) सुबोध मेहरा**
**(iii) प्रबोध मेहरा**
**संपदा अधिकारी एचएसवीपी, फरीदाबाद की ओर से।**

DI-7088-1

### PUBLIC NOTICE

It is notified that I, Mrs. Neha Logani W/o Mr. Gaurav Logani R/o Villa No. GV- 52, The Palm Springs, Sector- 54, Gurugram- 122001 (HARYANA) have Lost Original Villa Buyer Agreement dated 27th August' 2009 and Original Possession Letter of the above stated Property Villa No. GV- 52, The Palm Springs, Sector- 54, Gurugram. Finder Contact- Neha Logani 9971405556, Emaar India Ltd 18001033643

### RATTAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT, SAVELI (PALWAL)

Approved by AICTE & Affiliated to M.D.U, Rohtak
Website : www.rattaninstitute.org.in
Email : info.rattanpalwal@gmail.com

**CORRIGENDUM**

It is to inform you all that our advertisement was published in your Newspaper dated 13.06.2023. In this advertisement we have mentioned line **B.Tech, M.Tech (CSE Engg.) Assistant Professor** Kindly read this line as **B.Tech, M.Tech (CSE Engg.) Assistant Professor (07).**
Other terms and conditions remain same/unchanged.

**Chairman**

### ELECTION NOTICE

**It is notified that Election of Governing Body of Institute of Law and Research, Jasana, Faridabad -121101 will be held for the post of**

**A) President, Vice President, General Secretary & Treasurer**
**B) Eleven EC Members**
**C) Two teaching & one Non-teaching Staff representative will be held as schedule given below:-**

| | |
|---|---|
| Date of Notification | -16.06.2023 |
| Date of filling of Nomination | -25.06.2023 to 29.06.2023 |
| Date of Scrutiny | -30.06.2023 to 01.07.2023 |
| Date of withdrawal of Nomination | -02.07.2023 |
| Date of Allotment of symbols | -03.07.2023 |
| Date of Election / Declaration of Result | -17.07.2023 |

**(Returning Officer) 7065007006**

### ग्राम पंचायत ततारपुर
तहसील व जिला पलवल

**नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ततारपुर, तहसील व जिला पलवल की एक नई दुकान को दिनांक 04.07.2023 को वामुकाम जनरल चौपाल पर दोपहर 12 बजे खुली बोली पर दो वर्ष की अवधि के लिए छोड़ा जाएगा। जमानत राशि 20 हजार रुपए पहले जमा करानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर पहुंच कर बोली लगा सकता है।

**ग्राम सचिव ग्राम पंचायत, ततारपुर खंड पृथला**
**सुरेंद्र कुमार शर्मा सरपंच, ग्राम पंचायत, ततारपुर खंड पृथला**

### जिला स्वास्थ्य व परिवार कल्याण समिति पलवल

शुद्धि पत्र

जिला स्वास्थ्य विभाग व परिवार कल्याण समिति के विज्ञाप्न संख्या 1/2023 के तहत दिनांक 02.06.2023 को अखबार में व एनआईसी की वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञापन के तहत निम्नलिखित बदलाव किये जाते हैं:

1. स्वास्थ्य विभाग पलवल द्वारा स्थानांतरण उपरांत विभिन्न पदों के विज्ञापन के पश्चात रिक्त पदों के स्थान को बदला जा सकता है।
2. **SBC** केटेग्री को माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में लंबित होने के कारण सामान्य केटेग्री में समझा जाये।
3. चिकित्सा अधिकारियों व विशेषज्ञय के अलावा अन्य किसी भी उम्मीदवार की अधिकतम आयु 42 वर्ष रहेगी।
4. पद संख्या 17 पर GP 16290 को एंट्री पे लेवल समझा जाये।
5. पद संख्या 18 पर GP 16090 को एंट्री पे लेवल समझा जाये।

**चेयरमैन एग्जीक्यूटिव समिति जिला स्वास्थ्य व परिवार कल्याण समिति पलवल**

### VIDYA BHAVAN COLLEGE OF EDUCATION

Khurampur, Gurugram- 122506
(Recognized by NCTE & Affiliated to Gurugram University, Gurugram-122003)
**Email:** vbeducationggn@gmail.com
**Website:** www.vidyabhavancollege.com

**Applications are invited for the following teaching & non-teaching posts:-**

**Teaching:** Principal-01, Assistant Professor in Education for Teaching of all Pedagogy Subjects (Language, Mathematics, Science, Social Science)-08, Perspective in Education-04, Health and Physical Education-01, Performing Arts-01 & Fine Arts-01

**Non-Teaching:** Librarian-01, Lab Assistant-01, Office-cum- Account Assistant-01, Computer Operator-01, Store Keeper-01, Technical Assistant-01 & Lab Attendant/Helpers-02.

Eligible candidates can apply to the President on the prescribed application form (available on college website) within 21 days from the date of advertisement. One copy of the application with all testimonials must be also sent to the Dean (Colleges), Gurugram University, Gurugram.

**Qualifications, Salary and others eligibility conditions as per norms of Haryana Govt./UGC/ NCTE & Gurugram University Gurugram.**

**President**

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. नं. | बोर्ड/निगम/अथारिटी का विवरण | कार्य/निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड/निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हैफेड | हैफेड वेयरसाउस काम्प्लैक्स, नयी अनाज मंडी खंडसा रोड, गुरुग्राम-122001 के ब्लाक सी (दूसरी मंजिल) को लीज पर देने हेतु। | 15.06.2023 03.07.2023 | AS MENTIONED IN THE TENDER DOCUMENTS | www.hafed.gov.in | 01722590520 hafed@hry.nic.in |

**अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें- www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in**

PRDH/13/2024/40/18678/I/11/6


सांसद धर्मबीर सिंह ने सुनी लोगों की समस्याएं

# मोदी सरकार में हुये करोड़ों के विकास कार्य

## चरखी दादरी में 19 जून को होगी रैली



भिवानी के गांव कैरू में बृहस्पतिवार को ग्रामीणों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।-हप्र

भिवानी, 15 जून (हप्र)

सांसद धर्मबीर सिंह ने बृहस्पतिवार को गांव कैरू में लोगों की समस्याएं सुनीं और लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तीन जिलों को सीधा चंडीगढ़ से जोड़ने व चरखी दादरी, भिवानी, नारनौल की दिल्ली, जयपुर से दूरी कम करने के लिए अरबों रुपये की राशि जारी की है। इसके अलावा करोड़ों के विकास कार्य हुए हैं। इस दौरान लोगों ने सांसद के समक्ष बिजली-पानी, नहरी पानी, गलियों के निर्माण सहित कई शिकायतें उनके सामने रखीं। सांसद ने उनकी समस्याओं के निदान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। धर्मबीर सिंह ने बताया कि केंद्र में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर देश के लोकसभा क्षेत्र में रैली होने जा रही है। जिसके तहत भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा के चरखी दादरी शहर में 19 जून को रैली होगी।

## बिजली कार्यालय में क्लर्क के साथ ठेकेदार ने की मारपीट

नारनौल, 15 जून (हप्र)

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सिटी सब डिवीजन कार्यालय में क्लर्क दीपक कुमार के साथ एक ठेकेदार ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। क्लर्क ने निगम के एसडीओ को इसकी शिकायत दी है। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम सिटी सब डिवीजन कार्यालय में क्लर्क दीपक कुमार ने बताया कि बुधवार शाम को 7:30 बजे गांव चिंडालिया का ठेकेदार मुन्ना उसके पास आया। उस समय वह नशे की हालत में था। उसने कार्यालय में आकर उसके साथ मारपीट व बदतमीजी की और उसे गोली मारने की धमकी दी। उसने बताया कि इस दौरान एसडीओ सिटी नारनौल रितेश, एसडीओ उमेश यादव तथा डिवीजन डाटा ऑपरेटर अंकुर भी मौजूद थे। उसने एसडीओ से ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए लिखित में शिकायत भी दी है।

जनसंपर्क अभियान में बचन सिंह आर्य बोले

# 'भकाणियां का सीजन चाल पड़या, चौकस रहियो'



सफीदों में एक गांव में सभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री बचनसिंह आर्य। -निस

सफीदों, 15 जून (निस)

गांव आफताबगढ़ की चौपाल में पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता बचनसिंह आर्य ने लोगों को संबोधित किया और कहा कि 'भकाणियां का सीजन चाल पड़या है, बिना बात कोए सीएम की, कोए पीएम की अर कोए सरकार की कटदी करैगा, चौकस रहियो'। सरकार की उपलब्धियां गिनवाकर उन्होंने कहा कि 'इस सरकार के सारे काम बताऊं तो तीन दिन लागज्यान्गे'। 3 दिवसीय जनसम्पर्क अभियान के तहत उन्होंने रोढ, आफताबगढ़, रामपुरा, शीलाखेड़ी, बहादुरगढ़ व जयपुर गांवों में बृहस्पतिवार को ग्रामीण सभाएं की। इन सभाओं में उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध कर कराए विकास कार्य ग्रामीणों को याद कराया, उनकी समस्याएं सुनी और जरूरत की विकास परियोजनाओं की जानकारी भी ली। जनसम्पर्क अभियान से लौटकर बचनसिंह आर्य ने बृहस्पतिवार को बताया कि पार्टी का 30 जून तक जनसम्पर्क अभियान चलाने का निर्देश है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार में लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठा है, भ्रष्टाचार व अपराध से काफी हद तक निजात मिली है, आम लोगों का जीवन सुगम हो गया है इससे लोग खुश हैं, लेकिन सत्ता की भूखें लोगों के बहकावे में आकर सरकार का विरोध करने लग जाते हैं, लेकिन अब लोग सब समझने लगे हैं।

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक की पुण्यतिथि

# 'स्व. लक्ष्मीचंद गुप्ता का सदा ऋणी रहेगा व्यापारी समाज'



बल्लभगढ़ में बृहस्पतिवार को लक्ष्मी चंद गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते रामजुनेजा, बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर व अन्य। -निस

बल्लभगढ़, 15 जून (निस)

बस अड्डा मार्किट स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय में बृहस्पतिवार को हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मीचंद गुप्ता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग के लोग मौजूद थे।

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा, बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, सेक्टर-7-10 की मार्केट के प्रधान वासुदेव अरोड़ा, मुरारीलाल गर्ग प्रधान एसजीएम नगर, आनंद आहूजा, विनोद आहूजा एनआइटी, नानक चंद कालड़ा प्रधान लाइब्रेरी मार्केट, नवल आर्य महासचिव, जितेंद्र कुमार सचिव हरियाणा व्यापार मंडल, अशोक कत्याल, पवन मेंदीरत्ता, बंसीलाल मेहता, विजय आर्य, दयाचंद यादव ने एक साथ गायत्री मंत्र का पाठ किया और श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर ने बताया स्वर्गीय लक्ष्मीचंद गुप्ता निडर और निर्भीक व्यापारी थे। उन्होंने हरियाणा व्यापार मंडल को हरियाणा में पहचान दिलाई। व्यापारियों के रुके हुए काम पूरे किए। व्यापारी समाज उनका सदा ऋणी रहेगा। हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा ने कहा कि सभी व्यापारी एकजुट होकर रहे और एक दूसरे के सुख-दुख में काम आएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीचंद गुप्ता समाजसेवी एवं धार्मिक विचारों के व्यक्ति थे। हमें सभी व्यापारियों को एकत्रित होकर समाज में व्यापारियों के हित के लिए कार्य करने हैं और यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

## जल संरक्षण जागरूकता साइकिल यात्रा का स्वागत

**भिवानी (हप्र) :** जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए 21 राज्यों और नेपाल के तीन राज्यों में साइकिल यात्रा कर चुके हिसार के गांव कालीरवन निवासी पर्यावरणवादी सुभाष बिश्नोई का अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारियों ने उसका स्वागत किया। सिंचाई और जल संसाधन विभाग से कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें आगे के लिए रवाना किया।

## स्टार रक्तदाता सम्मानित

**गोहाना (निस) :** रक्तदान-नेत्रदान-देहदान के लिए समर्पित संस्था आहुति के संस्थापक तथा 220 बार रक्तदान कर चुके स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास को रोहतक में रेडक्रॉस द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोहाना के दो शतकवीर रक्तदाता सोनीपत में भी सम्मानित किए गए। सुरेंद्र विश्वास ने पहले रक्तदान और उसके बाद नेत्रदान को जनांदोलन में बदला।

भाजपा कार्यकर्ताओं की सभा में बोले केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, बोले

# मोदी के नेतृत्व में देश को मिली नयी दिशा

फरीदाबाद, 15 जून (हप्र)



फरीदाबाद में बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। साथ हैं पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, नीरा तोमर व अन्य। -हप्र

केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बृहस्पतिवार को जवाहर कॉलोनी 60 फुट रोड स्थित बैंक्वेट हाल में भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की जनसभा को संबोधित किया और क्षेत्र के निवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि 25 जून को गदपुरी टोल प्लाजा पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब शिरकत करेंगे और भाजपा सरकार द्वारा 9 साल में देश में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी देंगे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं और इसी भाव के साथ हम आगे भी जनता की सेवा करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के केंद्र 9 साल पुरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने जो विकास कार्य किए है उनका लेखा जोखा जन जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, पार्षद महेंद्र भड़ाना, पार्षद कविन्द्र चौधरी, पूर्व पार्षद महेश मणि, सुखबीर मलेरना, सुरेंद्र रावत, प्रदीप राणा, संजू चपराना मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूह लाभार्थी उत्सव आयोजित

**बल्लभगढ़ (निस) :** तिगांव स्थित राजा जैत सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्वयं सहायता समूह लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आत्मनिर्भर महिलाओं ने अपने अनुभव केंद्रीय मंत्री के साथ सांझा किए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 9 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति को समृद्ध बनाने के लिए काम किया। इस अवसर पर एसडीएम परमजीत चहल, जिप पीओ सचिन शर्मा, शिवम तिवारी, संजू चपराना मौजूद थे।